# 2018-19 मार्केटिंग ईयर में 21.29 लाख टन चीनी का निर्यात

[ भाषा | नई दिल्ली ]

शुगर इंडस्ट्री के सितंबर में समाप्त होने वाले चालू मार्केटिंग ईयर में देश से चीनी निर्यात अभी तक बढ़कर 21.29 लाख टन हो गया है। औद्योगिक आंकड़ों में सोमवार को यह जानकारी दी गई है। 2017-18 के मार्केटिंग ईयर में लगभग पांच लाख टन शुगर का एक्सपोर्ट हुआ था।

अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (AISTA) ने कहा, 1 अक्टूबर से 8 अप्रैल के बीच एक्सपोर्ट किए गए 21.29 लाख टन शुगर में से 9.76 लाख टन रॉ शुगर था। इसके अतिरिक्त 7.24 लाख टन शुगर एक्सपोर्ट प्रोसेस के तहत (पाइपलाइन में) है।

AISTA के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) आर पी भगरिया ने कहा, 'अब तक कुल शुगर एक्सपोर्ट एग्रीमेंट लगभग 30 लाख टन शुगर के लिए है, जिसमें से 28.53 लाख टन शुगर मिलों से भेजा जा चुका है।'

**21.29 लाख टन शुगर में से 9.76 लाख टन रॉ शुगर था, इसके अतिरिक्त 7.24 लाख टन शुगर एक्सपोर्ट प्रोसेस के तहत पाइपलाइन में है**

ग्लोबल मार्केट्स में कम कीमतों के बीच पिछले मार्केटिंग ईयर में भारत ने लगभग पांच लाख टन शुगर का एक्सपोर्ट किया था, जिससे इंडियन शुगर का एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट गैर-प्रतिस्पर्धी हो गया था। AISTA में बांग्लादेश, श्रीलंका, सोमालिया, अफगानिस्तान और ईरान प्रमुख एक्सपोर्ट डेस्टिनेशंस हैं। केंद्र ने 2018-19 मार्केटिंग ईयर (अक्टूबर-सितंबर) में सरप्लस स्टॉक को खत्म करने के लिए शुगर मिलों को 50 लाख टन चीनी का निर्यात करने के लिए कहा है। शुगर एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई इंसेंटिव भी दे रही है।

भारत का शुगर प्रॉडक्शन 2018-19 के मार्केटिंग ईयर में रिकॉर्ड 330 लाख टन होने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष में 325 लाख टन था। देश के पास शुगर के कंजम्पशन के मुकाबले कहीं अधिक स्टॉक बचा हुआ है, क्योंकि देश में इसकी सालाना खपत 260 लाख टन की ही है और मिलों के पास पिछले वर्ष का बचा हुआ भारी स्टॉक भी है।

Economic Times
14/5/2019